संलग्नक · 04

# प्रमाण पत्र

**परियोजना का नाम–** नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रंचिंग ग्राउण्ड का निर्माण।

**मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड का अनापत्ति का प्रमाण पत्र।**

जनपद चम्पावत के अन्तर्गत बनबसा में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु ट्रंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु खटीमा रेंज से छीनी कक्ष सं0 13ब में 0.80 हैक्टर का प्रस्ताव के क्रम में मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण मूल्यांकन, आई0टी0 एवं आधुनिकीकरण उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक 3201–2D/1/2020 दिनांक 18.11.2021 में स्पष्ट किया गया है कि नन्धौर वन्यजीव अभ्यारण्य की निकटतम सीमा से दूरी 10.8 कि0मी0 है।

उक्त विषयक क्षेत्र राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण्य का हिस्सा नहीं है। परन्तु वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्र होने के दृष्टिगत कार्यदायी संस्था द्वारा निम्नलिखित उपाय किये जाय–

1– ट्रैन्चिंग ग्राउण्ड के चारों ओर उपयोग की जाने वाली लाईट्स की ऊंचाई अधिकतम 2 मी0 से रखी जाय ताकि वन्य जन्तुओं के आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो।

2– ट्रैन्चिंग ग्राउण्ड के चारों ओर हाथी सुरक्षा दीवार अनिवार्य रूप से निर्मित किया जाय। सुरक्षा दीवार के ऊपर सोलर फेन्सिंग भी किया जाना अनिवार्य होगा।

3– पहुंच मार्ग में कूड़े के वाहनों को सूर्योदय एवं सूर्यास्त के मध्य ही सीमित रखा जाय।

4– पहुंच मार्ग के रा0राजमार्ग 125 के प्रारम्भिक मिलान पर कार्यदायी संस्था द्वारा एक पक्का बैरियर लगाया जाय ताकि अनावश्यक वाहन उक्त क्षेत्र में प्रवेश न कर पाए।

5– कार्यदायी संस्था रा0राजमार्ग 125 एवं पहुंच मार्ग पर वन्यजीवों से सम्बन्धित जानकारी तथा डूज एण्ड डोन्ट्स के साईन बोर्ड लगाया जाना सुनिश्चित करें।

6– कूड़े को आरक्षित वन क्षेत्र में न डाला जाय, कार्यदायी संस्था द्वारा बन्द वाहनों का ही प्रयोग किया जाय, ताकि पहुंच मार्ग पर कूड़ा फैलने से बचाया जा सके।

अतः उक्त शर्तों को समाहित करते हुए खटीमा रेंज की छीनी कक्ष सं0 13ब में 0.80 हैक्टर क्षेत्र में ट्रंचिंग ग्राउण्ड निर्माण करने हेतु वन भूमि हस्तान्तरण की संस्तुति की जाती है।

वन क्षेत्राधिकारी
खटीमा

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,
हल्द्वानी

प्रतिहस्ताक्षरित

मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

डॉ० पराग मधुकर धकाते
मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक
उत्तराखण्ड

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner